पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)
टेलीफोन नं. 01572–272100, 273100, 273200 टेलीफेक्स 01572–273100
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांकः– प–10 ( )संस्थापन/प्रबंध बोर्ड/2013–14/ दिनांकः– 09.01.2018

प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 06.01.2018 का कार्यवाही विवरण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 06.01.2018 को कुलपति सचिवालय में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की गई, जिसमें उपस्थिति इस प्रकार रही:–

1.	प्रो. बी.एल. शर्मा	अध्यक्ष (माननीय कुलपति)
2.	श्री झाबर सिंह खर्रा	मा. सदस्य (मा. विधायक, श्रीमाधोपुर)
3.	श्री रतनलाल जलधारी	मा. सदस्य (मा. विधायक, सीकर)
4.	श्री जयप्रकाश	मा. सदस्य (प्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, सीकर)
5.	डॉ. मदन सिंह पूनिया	मा. सदस्य (प्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा एवं प्राचार्य एस. के. कन्या महाविद्यालय, सीकर)
6.	डॉ. सोमकांत भोजक	मा. सदस्य (मा. कुलाधिपति द्वारा नामित सदस्य)
7.	डॉ. ए. के. गुप्ता	मा. सदस्य (प्रख्यात शिक्षाविद)
8.	डॉ. अमिता अग्रवाल	मा. सदस्य (प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर)
9.	डॉ. दिलसुख थालौड़	मा. सदस्य (डीन विधि)
10.	डॉ. राकेश कुमार	मा. सदस्य (डीन शिक्षा)
11.	डॉ. राजेन्द्र सिंह	सदस्य सचिव (कुलसचिव)

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात कुलसचिव द्वारा बिन्दुवार मिटिंग के एजेण्डा प्रस्तुत किये गये जिस पर सर्वसम्मति से विचार कर निम्नानुसार निर्णय लिये जाते हैं:

एजेण्डा बिन्दु संख्या 01: गत बैठक दिनांक 12.10.2017 के कार्यवृत का अनुमोदन। ***(प्राधिकार मण्डल शाखा)***

निर्णयः– सर्वानुमति से दिनांक 12.10.2017 की प्रबंध मण्डल की बैठक की कार्यवाही को अनुमोदित किया जाता है।

एजेण्डा बिन्दु संख्या 02: AGENDA NO.-2 OF THE PROPOSED UNIVERSITY ORDINANCES UNDER SECTION 44 & 45 OF THE ACT ***(प्राधिकार मण्डल शाखा)***

Board of Management Agenda No.	Part	Proposed Ordinances	
		Ordinance No.	Proposed Chapter and Contents
2.1	Part I- Admission of Students in University and Colleges	1-25	2.1 Admission of Students
2.2		26	2.2 Maximum Duration to pass any academic programme/ course including clearance of Backlog Papers/Courses
2.3		27-37	2.3 Enrolment and Migration of Students
2.4		38-40	2.4 Fee Structure and Freeship

2.5		41-70	2.5 Examination and Attendance to Keep Academic Term and appear in Examination
2.6		71-92	2.6 Non Regular Students: Ex-Student and Non-Collegiate Students
2.7		93-103	2.7 Supplementary Examination
2.8	Part-II Research Study:	104-115	2.8 M.Phil. and Ph.D. Ordinances
2.9	M.Phil./Ph.D./D.Litt./	116-130	2.9 Ordinances Relating to the Post Doctorate Degree in Arts and Social Science: D.Litt.
2.10	D.Sc./ LL.D.	131-148	2.10 Ordinances Relating to the Post Doctorate Degree in Science: D.Sc.
2.11		149-164	2.11 Ordinances Relating to the Post Doctorate Degree in Law: LL.D.
2.12	Part-III Remuneration	165-169	2.12 Remuneration to Examiners, Tabulators, Checkers etc.
2.13	Part-IV Degree and	170-171	2.13 Degree and Diploma
2.14	Diploma: Convocation,	172-186	2.14 Convocation
2.15	Medals and Prizes	187-205	2.15 Medals and Prizes
2.16	Part-V Scholarship,	206-222	2.16 Scholarship
2.17	Endowments and Prizes	223-225	2.17 Conditions for accepting Endowments or Scholarships, Medal and Prizes etc.
2.18	Part-VI Services to Nation	226-232	2.18 N.C.C./N.S.S./Rover Range Training
2.19	Part-VII Recruitment and Conditions of Service	233-239	2.19 Recruitment and Conditions of Service of the Teaching Staff
2.20		240-283	2.20 Recruitment and Conditions of Service of the Teaching Staff: General Terms and Conditions
2.21		284-285	2.21 Promotion: Career Advancement Scheme for Teachers
2.22		286	2.22 College Principal
2.23		287	2.23 Recruitment and Conditions of Service of the Non-Teaching Staff
2.24		288-289	2.24 Recruitment: Selection Committee for Teachers, Officers and other for Direct Recruitment
2.25		290-293	2.25 Promotion for Non-Teaching Staff
2.26		294-298	2.26 Seniority and Other Service Benefits
2.27		299-300	2.27 Leave
2.28		301-319	2.28 Travelling and Halting/Daily Allowances
2.29		320	2.29 Medical Attendance Rules
2.30	Part-VIII Conditions of Admission of Institutions	321	2.30 Conditions of Admission of Institutions
2.31	Part-IX University	322	2.31 University Boards: Empowering Clause
2.32	Boards	323	2.32 Health, Discipline and Residence Board
2.33		324	2.33 Board of Extra Mural Study
2.34		325	2.34 Board for Hostels
2.35		326	2.35 Sports Board
2.36		327	2.36 University Planning and Monitoring Board
2.37		328	2.37 Publication Board
2.38		329	2.38 Library Board
2.39		330	2.39 Admission Board
2.40		331	2.40 Translation Board

संलग्नक 1: प्रस्तावित अध्यादेशों का प्रारूप।

निर्णय: सर्वानुमति से यह निर्णय किया गया कि अध्यादेशों का प्रस्तावित प्रारूप एक दफा सुझावों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर 21 दिन के लिए अपलोड किया जाये तथा विश्वविद्यालय की ई–मेल आईडी पर सुझाव मांगे जाये। उन सुझावों पर विचार कर समावेश करने अथवा न करने के निर्णय के लिए निम्न सदस्यों की एक समिति गठित की जाये। समिति द्वारा स्वीकृत प्रारूप को पुनः प्रबंध मण्डल की अगली बैठक के समक्ष

अनुमोदनार्थ रखा जाये। यह समिति प्रबंध मण्डल के द्वारा अधिकृत/नियुक्त एवं प्रबंध मण्डल की तरफ से प्रारूप को तय करेगी। समिति के सदस्य निम्नानुसार होंगें:

1. डॉ. एम. एस. पूनिया, अध्यक्ष
2. डॉ. डी. एस. थालौड़, सदस्य
3. डॉ. मुनेश कुमार, सदस्य
4. श्री बोदूराम मीणा, सदस्य
5. डॉ. अशोक कुमार महला, सदस्य
6. डॉ. राजेन्द्र सिंह, सदस्य सचिव

एजेण्डा बिन्दु संख्या 03: AGENDA NO.-3 OF THE PROPOSED UNIVERSITY REGULATIONSUNDER SECTION 46 OF THE ACT *(प्राधिकार मण्डल शाखा)*

Board of Management Agenda No.	Proposed Regulations	
	Regulation No.	Proposed Title of the Regulation
3.1	2	Pandit Deendayal Upadhyaya Shekhawati University Meetings of the Board of Management Regulations
3.2	3	Pandit Deendayal Upadhyaya Shekhawati University Meetings of the Academic Council Regulations
3.3	4	Pandit Deendayal Upadhyaya Shekhawati University Meetings of the Finance Committee Regulations
3.4	5	Pandit Deendayal Upadhyaya Shekhawati University Meetings of the Faculties Regulations
3.5	6	Pandit Deendayal Upadhyaya Shekhawati University Rules for the Conduct of Selection Committee Regulations

संलग्नक 2: प्रस्तावित रेग्युलेशन के प्रारूप।

निर्णय: सर्वानुमति से यह निर्णय किया गया कि रेग्युलशनस का प्रस्तावित प्रारूप एक दफा सुझावों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर 21 दिन के लिए अपलोड किया जाये तथा विश्वविद्यालय की ई–मेल आईडी पर सुझाव मांगे जाये। उन सुझावों पर विचार कर समावेश करने अथवा न करने के निर्णय के लिए निम्न सदस्यों की एक समिति गठित की जाये। समिति द्वारा स्वीकृत प्रारूप को पुनः प्रबंध मण्डल की अगली बैठक के समक्ष अनुमोदनार्थ रखा जाये। यह समिति प्रबंध मण्डल के द्वारा अधिकृत/नियुक्त एवं प्रबंध मण्डल की तरफ से प्रारूप को तय करेगी। समिति के सदस्य निम्नानुसार होंगें:

1. डॉ. एम. एस. पूनिया, अध्यक्ष
2. डॉ. डी. एस. थालौड़, सदस्य
3. डॉ. मुनेश कुमार, सदस्य
4. श्री बोदूराम मीणा, सदस्य
5. डॉ. अशोक कुमार महला, सदस्य
6. डॉ. राजेन्द्र सिंह, सदस्य सचिव

पूरक एजेण्डा:

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 01: (अ) राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक प.14 (5)शिक्षा–4/2012 पार्ट जयपुर दिनांक 11.12.2017 के द्वारा निम्नांकित 5 स्नातकोत्तर विभागों एवं उनके अन्तर्गत स्वीकृत पद 1,2,3 के क्रम में प्रोफेसर, एसोसियट प्रोफेसर तथा सहायक प्रोफेसर की स्वीकृति का अनुमोदन एवं इन पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ करने की अनुमति। *(स्थापना शाखा)*

S. No.	Name of the Department (Existing entry)	Name of the Department Revised in Place of existing	Sanctioned Post			
			Professor	Associate Professor	Assistant Professor	Total
1	Department of History	Department of Indian Language	1	2	3	6
2	Department of Geography	Department of Development Studies	1	2	3	6
3	Department of English	Department of Commerce	1	2	3	6
4	Department of Mathematics	Department of Life Science	1	2	3	6
5	Department of Political Science	Department of Legal Studies	1	2	3	6

(संलग्नक–3 राज्य सरकार का आदेश शैक्षणिक पदों के लिए)

नोटः (ब) Department of Development Studies का नाम Department of Economics and Development Studies करने पर विचार।

निर्णयः सर्वानुमति से निर्णय किया जाता है कि पूरक एजेण्डा संख्या 01/(अ) एवं नोट (ब) के संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. जी.एस. कलवानियां की अध्यक्षता में गठित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु मानदण्डों, नियमों एवं निर्देशों के निर्धारण के संदर्भ में प्रस्तुत सम्पूर्ण प्रतिवेदन को स्वीकार किया जाता है। साथ ही यह भी निर्धारित किया जाता है कि Department of Development Studies का नाम Department of Economics and Development Studies होगा और इस डिर्पाटमेन्ट की स्थापना Department of Economics and Development Studies नाम से की जाये।

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 02: राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक प.14 (5)शिक्षा–4/2012 पार्ट जयपुर दिनांक 04.09.2012 के अनुसार गैर शैक्षणिक पदों अधिकारियों/कर्मचारियों के पदों की स्वीकृति में राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.14 (5)शिक्षा–4/2012 पार्ट जयपुर दिनांक 09.06.2017 द्वारा निम्नांकित पदों की भर्ती हेतु दी गई अनुमति की स्वीकृति एवं तदानुसार भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करने की अनुमति। ***(स्थापना शाखा)***

क्र. सं.	पदनाम	प्रस्तावित पदों की संख्या	भरने हेतु स्वीकृत पद संख्या
1	परीक्षा नियंत्रक	01	01
2	उप कुलसचिव	01	01
3	सहायक कुलसचिव	02	02
4	विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी)	01	01
5	स्टेनोग्राफर	03	02
6	कनिष्ठ लिपिक	10	05
7	वाहन चालक	02	01
8	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	15	10
	योग	35	23

(संलग्नक–4 राज्य सरकार का आदेश अशैक्षणिक पदों के लिए)

निर्णयः सर्वानुमति से निर्णय किया जाता है कि पूरक एजेण्डा संख्या 02 के संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. जी. एस. कलवानियां की अध्यक्षता में गठित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु मानदण्डों, नियमों एवं निर्देशों के निर्धारण के संदर्भ में प्रस्तुत सम्पूर्ण प्रतिवेदन को स्वीकार किया जाता है।

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 03: गैर शैक्षणिक पदों अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु पूर्व में विज्ञापित पदों के रोस्टर में अब पदों की संख्या कम हो जाने के कारण रोस्टर पर पुनर्विचार। *(स्थापना शाखा)*

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 04: शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु नियमों/निर्देशों पर चर्चा। *(स्थापना शाखा)*
नोटः शैक्षणिक पदों पर सभी नियम UGC के नियमानुसार होते हैं, वर्तमान में अन्य नियम राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं UGC के नियमों के आधार पर विश्वबिद्यालय की नियम/निर्देश निर्मात्री समिति द्वारा बनाये गये हैं। **Good Academic Record** शब्द की व्याख्या का आधार राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के नियमों के आधार पर प्रस्तावित हैं, परन्तु पूर्व परीक्षाओं की औसत प्रतिशत निकालने में (संलग्न) नियमानुसार अधिक स्पष्टता दी गई है। *(स्थापना शाखा)*

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 05: गैर शैक्षणिक पदों के संदर्भ में योग्यता एवं भर्ती प्रक्रिया जो राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के अध्यादेशों के अनुसार प्रस्तावित है। जहां पर राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के नियम **Silent** हैं, वहां पर इस विश्वविद्यालय के नियम लागू होंगें (संलग्न दस्तावेज के अनुसार) पर चर्चा।
नोटः राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के संशोधित अध्यादेशों को पूर्व की प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 06.09.2017 में प्रस्ताव संख्या 7.3 पार्ट–III के अनुसार स्वीकार किया गया। *(स्थापना शाखा)*

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 06: गैर शैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु **Scheme Examination/Screening** पर चर्चा। *(स्थापना शाखा)*

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 07: शैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु **Scheme Examination/Screening** पर चर्चा। *(स्थापना शाखा)*

पूरक एजेण्डा बिन्दु संख्या 08: शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु मांगे जाने वाले आवेदन पत्र के प्रारूप पर चर्चा। *(स्थापना शाखा)*
निर्णयः सर्वानुमति से निर्णय किया जाता है कि पूरक एजेण्डा संख्या 03 से 08 के संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. जी.एस. कलवानियां की अध्यक्षता में गठित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु मानदण्डों, नियमों एवं निर्देशों के निर्धारण के संदर्भ में प्रस्तुत सम्पूर्ण प्रतिवेदन को स्वीकार किया जाता है।
नोटः पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु मानदण्डों, नियमों एवं निर्देशों के निर्धारण के संदर्भ में स्वीकृत प्रतिवेदनः

" पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु मानदण्डों/नियमों/निर्देशों के निर्धारण हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन

प्रतिवेदन

(प्रस्तुत प्रतिवेदन को प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 06.01.2018 के द्वारा पूरक एजेण्डा संख्या 01 से 08 तक चर्चा करते समय एजेण्डा के साथ शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु मानदण्डों, नियमों एवं निर्देशों के एक सम्पूर्ण दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया गया)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु मानदण्डों/नियमों/निर्देशों के निर्धारण हेतु कार्यालय आदेश संख्या एफ. ( ) संस्थापन/7467 दिनांक 21.12.2017 द्वारा निम्नांकित सदस्यों की एक समिति का गठन किया गयाः

1. डॉ. जी.एस. कलवानियां, अध्यक्ष
2. श्री सोहनलाल जाट, सदस्य
3. डॉ. डी.एस. थालौड़, सदस्य (विधि विशेषज्ञ)
4. डॉ. राजेन्द्र जोशी, सदस्य
5. डॉ. मुनेश कुमार, सदस्य (विधि विशेषज्ञ)
6. श्री मुकेश शर्मा, सदस्य (विधि विशेषज्ञ)
7. डॉ. राजेन्द्र सिंह, सदस्य सचिव

समिति के लिए अनुशंषा करने हेतु निर्धारित किए गए विभिन्न बिन्दुः

1. **शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों की भर्ती हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी पत्रों का अवलोकन एवं नियुक्ति हेतु प्रस्तावित पदों की संख्या वास्ते विज्ञापन एवं नियुक्ति।**
2. **अशैक्षणिक पदों पर पूर्व में किये गये विज्ञापनों का अध्ययन एवं उनके रोस्टर के पुनर्निर्धारण की आवश्यकता।**
3. **अशैक्षणिक पदों के पूर्व में किये गये निर्देशों एवं भर्ती के मानदण्डों/प्रक्रिया मय योग्यताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में समुचित निर्देश एवं मापदण्ड मय प्रक्रिया के।**
4. **अशैक्षणिक पदों के लिए यदि पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन प्रस्तुत किये हैं, उन्हें उसी स्वरूप में प्रस्तावित विज्ञापन के लिए माना जाये, नये आवेदन मंगवाये जाये, पूर्व में जो शुल्क दिया गया है, उसे अभ्यर्थियों को पुनः लौटाया जाये एवं नये आवेदन के साथ नया शुल्क देने को कहा जाये अथवा नये आवेदन के साथ पुराने आवेदनों को नया शुल्क न लेकर के पूर्व शुल्क का संदर्भ देने पर शुल्क में छूट दे दी जाये?**
5. **अशैक्षणिक पदों के संदर्भ में पूर्व विज्ञापन को निरसित माना जाये?**
6. **वर्तमान विधिक परिस्थिति के अनुसार भर्ती मानदण्डों/प्रक्रिया एवं योग्यता का अध्ययन, यू.जी.सी. रेग्युलेशनस, राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादेश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के प्रस्तावित अध्यादेश तथा पूर्व विज्ञापनों को ध्यान में रखते हुए एक मानदण्डों/प्रक्रिया मय योग्यताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में समुचित निर्देश एवं मापदण्ड मय प्रक्रिया के।**
7. **चूंकि विश्वविद्यालय विधि के हिसाब से ट्रांजिटरी व्यवस्थाधीन है तथा प्रस्तावित मानदण्डों/प्रक्रिया एवं योग्यताओं मय स्कीम ऑफ स्क्रीनिंग/परीक्षा के साथ प्रतिवेदन तथा इसे विश्वविद्यालय के किस प्राधिकार मण्डल से पास करवाना प्रस्तावित है?**
8. **अन्य आनुषांगिक बिन्दु, जिस पर समिति सुझाव देना चाहे।**

समिति के सदस्य संबंधित सभी दस्तावेजों का अध्ययन कर निर्देशित बिन्दुओं पर अवलोकन एवं विश्लेषण करके निम्न प्रकार से बिन्दुवार अनुशंषा करते हैं:

1. ***बिन्दु संख्या 01:***

भाग–1: शैक्षणिक पद

(अ.) राज्य सरकार के उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग के पत्र प.14 (5) शिक्षा–4 / 2012 पार्ट दिनांक 11.12.2017 के द्वारा विश्वविद्यालय को पांच विभाग आवंटित किये गये, जो निम्न सारणी के अनुसार थे:

क्र. सं.	विभाग का नाम	स्वीकृत पद			कुल पद
		प्रोफेसर	सह–प्रोफेसर	सहायक प्रोफेसर	
1.	इतिहास	1	2	3	6
2.	भूगोल	1	2	3	6
3.	अंग्रेजी	1	2	3	6
4.	गणित	1	2	3	6
5.	राजनीति शास्त्र	1	2	3	6
	कुल पद	5	10	15	30

(ब.) विश्वविद्यालय में विभागों की स्थापना विद्या परिषद् एवं प्रबंध मण्डल के निर्णय से होती है, राज्य सरकार ने जो विभाग अपने पत्र में दर्शाये हैं, वे विद्या परिषद् एवं प्रबंध मण्डल के निर्णयों के अनुरूप नहीं होने से विश्वविद्यालय ने राज्य सरकार को पत्र संख्या प.स्थापना ( )स्थापना/शैक्षणिक विभाग/ 2017–18/7199 दिनांक 22.11.2017 के द्वारा अवगत करवाया तथा विभागों के नाम विद्या परिषद् एवं प्रबंध मण्डल के निर्णयों के अनुरूप करने के लिए निवेदन किया।

(स.) राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के पत्र संख्या प.स्थापना ( )स्थापना/शैक्षणिक विभाग/ 2017–18/7199 दिनांक 22.11.2017 को ध्यान में रखते हुए एक कोरिजेण्डम पत्र क्रमांक प.14 (5) शिक्षा–4 / 2012 पार्ट दिनांक 11.12.2017 जारी कर निर्देशित कोरिजेण्डम के अनुसार निम्न विभागों का आवंटन एवं पद स्वीकृत किये:

क्र. सं.	विभाग का नाम	स्वीकृत पद			कुल पद
		प्रोफेसर	सह–प्रोफेसर	सहायक प्रोफेसर	
1.	भारतीय भाषाएं	1	2	3	6

2.	डवलपमेन्टल स्टडीज	1	2	3	6
3.	वाणिज्य विभाग	1	2	3	6
4.	जीवन विज्ञान	1	2	3	6
5.	लीगल स्टडीज	1	2	3	6
	कुल पद	5	10	15	30

अनुशंषाः *भाग–1 के संदर्भ में अनुशंषा की जाती है कि भाग–1 के पद '(स.)' में उल्लेखित पदों को रोस्टर समिति द्वारा विषयानुसार रोस्टर निर्धारित कर उक्त पदों को विज्ञापित किया जाये।*

भाग–2: अशैक्षणिक पद

विश्वविद्यालय को अशैक्षणिक कर्मचारियों के निम्न सारणी के खण्ड 'ब' के अनुसार पद पत्र क्रमांक प.14 (5) शिक्षा–4/2012 पार्ट दिनांक 04.09.2012 के द्वारा आवंटित किये गये हैं, जिन्हें भरने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापन क्रमांक Estt./Advt./2013-14/399-404 dated 11.09.2013 (Advertisement No. 01/2013-14) क्रमांक प–14 ( ) /संस्थापन/सीधी भर्ती/2013–14/1025 दिनांक 22.02.2014 (Advertisement No. 02/2013-14) के द्वारा निकाला गया था।

क्र.सं.	पदनाम खण्ड–अ	सृजित पद खण्ड–ब	राजस्थान सरकार उच्च शिक्षा ग्रुप–4 के पत्र संख्या 14(5) शिक्षा –4/2012 पार्ट/9.6.2017 द्वारा वर्तमान में नियुक्ति के लिए अनुमत पद खण्ड–स
1	कुलपति (संविधिक प्रक्रिया नियुक्ति)	01	संविधिक प्रक्रिया नियुक्ति
2	कुलसचिव (RAS Super Time Scale)	01	प्रतिनियुक्ति
3	वित्त नियंत्रक (RAc Selection Scale)	01	प्रतिनियुक्ति
4	परीक्षा नियंत्रक	01	01
5	उप कुलसचिव	01	01
6	सहायक कुलसचिव	02	02
7	निजी सचिव	01	–
8	अनुभागाधिकारी	02	–
9	निजी सहायक	01	–
10	सहायक लेखाधिकारी (लेखा विभाग से प्रतिनियुक्ति)	01	प्रतिनियुक्ति
11	विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी)	01	01
12	कनिष्ठ लेखाधिकारी (लेखा विभाग से प्रतिनियुक्ति)	02	प्रतिनियुक्ति
13	वरिष्ठ लिपिक	04	–
14	कनिष्ठ लिपिक	10	05
15	वाहन चालक नियमित	02	01
16	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	15	10
17	स्टेनोग्राफर	03	02
18	सूचना सहायक	04	–
	कुल	53	23

खण्ड 'ब' में लिखित विवरणानुसार पदों के स्वीकृत होने के कारण तदनानुसार पूर्व में विज्ञापन किया गया था, परन्तु वर्तमान में भर्ती हेतु पदों की संख्या खण्ड 'स' के अनुसार कम कर दी गई है। चूंकि पद कम हो गये हैं, इसलिए खण्ड 'स' में वर्णित पदों हेतु आरक्षित पदों के रोस्टर का पुनर्निर्धारण आवश्यक है। उक्त सारणी के खण्ड ब में सृजित पदों की संख्या अधिक है। इस खण्ड में मूल सीधी नियुक्ति के पद एवं पदोन्नती दोनों के पद शामिल हैं। पदोन्नती के पदों पर वर्तमान में नियुक्ति/पदोन्नती प्रस्तावित नहीं है। खण्ड ब के संदर्भ में मूल सीधी नियुक्ति के पद पूर्व में विज्ञापित कर दिये गये थे तथा उस समय भर्ती हेतु अनुमत पदों को ध्यान में रखते हुए रोस्टर का निर्धारण किया गया था। वर्तमान में उक्त सारणी के खण्ड स के अनुसार संबंधित पत्र द्वारा राज्य सरकार ने नियुक्ति के लिए पदों की संख्या कुछ पदों पर घटा दी है।

अनुशंषाः *तदानुसार अनुशंषा है कि उक्त सारणी के खण्ड 'स' के पत्र से अनुमत पदों को पुनः विज्ञापित किया जाये तथा चूंकि पदों की संख्या पूर्व में विज्ञापित पदों से कम कर दी गई है, इसलिए आरक्षित पदों हेतु रोस्टर के पुनर्निर्धारण हेतु गठित समिति से रोस्टर का पुनः निर्धारण करवाकर पुनः विज्ञापित किया जाये। इस संदर्भ में लेख है कि पूर्व में आरक्षित पद का रोस्टर वर्तमान विज्ञापन के बाद जिस सीमा तक बदल दिया गया है, उस सीमा तक निरसित समझा जायेगा।*

2. ***बिन्दु संख्या–02:***

अनुशंषाः *समिति ने सभी दस्तावेजों का अवलोकन कर इस संदर्भ में अनुशंषा वर्तमान प्रतिवेदन के बिन्दु संख्या 1 के भाग 2 के शीर्षक अनुशंषा में अनुशंषा कर दी है, अतः उसके पुनर्रावर्तन की आवश्यकता नहीं है।*

3. ***बिन्दु संख्या–03:***

(अ.) समिति ने पूर्व में विज्ञापित सभी पदों की योग्यता के मानदण्डों एवं प्रक्रिया का अध्ययन किया तथा पाया कि अभिलेखों में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि इनका निर्धारण करते समय किन–किन अध्यादेशों को सुसंगत माना गया है ।

(ब.) पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 49 के अन्तर्गत एक ट्रांजिटरी प्रावधान की व्यवस्था है, जिसके अन्तर्गत जब तक वर्तमान विश्वविद्यालय अपने स्वयं के अध्यादेश नहीं बना लेता है तब तक राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादेशों को उस सीमा तक आधार माना जाये जिस सीमा तक वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप हैं। यदि वे जिस सीमा तक अनुरूप नहीं हैं, विश्वविद्यालय अपने नियम बना सकता है।

(स.) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने अपने नोटिफिकेशन संख्या एफ. 2 (6) एकेडमिक–I/2016/18118 दिनांक 20.12.2016 के द्वारा अपने योग्यता एवं नियुक्ति प्रक्रिया संबंधी पूर्व अध्यादेशों में संशोधन कर लिया है, उसे तदानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के प्रबंध मण्डल की बैठक दिनांक 06.09.2017 के प्रस्ताव/निर्णय संख्या 06 के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के लिए स्वीकार कर लिया गया है।

(द.) पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर ने अपने स्टेच्यूट तैयार कर लिये हैं एवं कुलाधिपति जी की सहमति के लिए भेजे हैं तथा अध्यादेशों का प्रारूप तैयार कर विद्या परिषद् से स्वीकार करवा लिया है। प्रबंध मण्डल की बैठक में अनुमोदन के बाद कुलाधिपति जी को सहमति के लिए भेजे जायेंगें।

(य.) राजस्थान विश्वविद्यालय एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में उक्त पदों की योग्यता जहां पर भी अध्यादेश में प्रावधित है, समान है। अतः यदि इस अवधि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के अध्यादेशों पर सहमति मिल जाती है, तो भी योग्यताओं में अंतर नहीं आयेगा।

अनुशंषा:

(1) राजस्थान विश्वविद्यालय मोड ऑफ सलेक्शन के जो प्रावधान किये गये हैं, उनको इस बिन्दु के उप पद संख्या 'स' के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया है तथा इनका प्रावधान प्रस्तावित अध्यादेशों में भी है। अतः बिन्दु संख्या 03 के उक्त उप पद 'ब' एवं 'स' को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों की योग्यताओं को स्वीकार कर तदनानुसार विज्ञापन करने एवं नियुक्ति की प्रक्रिया को अपनाने की अनुशंषा की जाती है।

(2) केन्द्र सरकार ने लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद पर साक्षात्कार नहीं करने की जो अनुशंषा की है एवं राज्य स्तर पर भी जिसे लागू कर दिया है, के अनुसार लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों के लिए साक्षात्कार नहीं करने की अनुशंषा है।

(3) विभिन्न लिखित परीक्षाओं के लिए स्कीम ऑफ एग्जामिनेशन/स्क्रीनिंग को संलग्नक के अनुसार लागू करने की अनुशंषा की जाती है। ***(संलग्नक– 1 स्कीम ऑफ एग्जामिनेशन/स्क्रीनिंग)***

(4) *विश्वविद्यालय मानदण्ड और प्रक्रिया के संदर्भ में विस्तृत निर्देश इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।* ***(संलग्नक– 2,3 मानदण्ड और प्रक्रिया)***

नोटः *वर्तमान में जिन पदों पर नियुक्तियां किया जाना प्रस्तावित है, केवल उनका उल्लेख ही वेबसाईट पर किया जाये।*

(5) अशैक्षणिक पदों की भर्ती के लिए संलग्नानुसार आवेदन–पत्र के प्रारूप को स्वीकार करने की अनुशंषा की जाती है। ***(संलग्नक– 4,5 अशैक्षणिक पदों की भर्ती के लिए आवेदन–पत्र के प्रारूप)***

4. ***बिन्दु संख्या–04:***

अनुशंषाएं

(1) पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के द्वारा पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों के जो भी पद विज्ञापन क्रमांक Estt./Advt./2013-14/399-404 dated 11.09.2013 (Advertisement No. 01/2013-14) क्रमांक प–14 ( ) /संस्थापन/सीधी भर्ती/2013–14/1025 दिनांक 22.02.2014 (Advertisement No. 02/2013-14) के द्वारा विज्ञापित किये गये थे, के संदर्भ में अनुशंषा की जाती है कि वर्तमान में प्रस्तावित विज्ञापन के अन्तर्गत दर्शायी गई पदों की संख्या, आरक्षण का विवरण, भर्ती प्रक्रिया, निर्देशों को ही मान्य एवं स्वीकृत माना जाये। पूर्व विज्ञापन में दी गयी सभी सूचनाओं को निरसित माना जाये।

(2) पूर्व विज्ञापन क्रमांक Estt./Advt./2013-14/399-404 dated 11.09.2013 (Advertisement No. 01/2013-14) क्रमांक प–14 ( ) /संस्थापन/सीधी भर्ती/2013–14/1025 दिनांक 22.02.2014 (Advertisement No. 02/2013-14) के

संदर्भ में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों के स्थान पर नये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायें तथा पूर्व में जमा करवाये गये सभी आवेदन पत्रों को किसी भी हेतु से मान्य नहीं माना जाये।

(3) यदि किसी भी अभ्यर्थी ने पूर्व विज्ञापन के आधार पर प्रोसेसिंग फीस अथवा देय कोई भी शुल्क जमा करवाया है तो उसे वर्तमान प्रस्तावित आवेदन पत्र के उद्देश्य से वैध माना जाये। ऐसे अभ्यर्थियों को पुनः प्रोसेसिंग फीस अथवा अन्य देय शुल्क जमा नहीं करवाना होगा, परन्तु इस प्रावधान का लाभ तब ही मिलेगा, जब वर्तमान आवेदन पत्र में शुल्क के लिए निर्धारित कॉलम में पूर्व में प्रदत किये गये शुल्क की लिखित में सूचना दी जाती है। परन्तु अभ्यर्थी को नया आवेदन प्रस्तुत करना ही होगा।

5. ***बिन्दु संख्या–05:***

अनुशंषा: *अशैक्षणिक पदों के संदर्भ में पूर्व में किये गये विज्ञापन एवं उसके सभी प्रावधानों एवं शर्तों को सिवाय प्रोसेसिंग फीस एवं देय शुल्क के अलावा निरसित माना जाये।*

6. ***बिन्दु संख्या–06:***

अनुशंषाएं:

(1) शैक्षणिक पदों की योग्यता का निर्धारण यू.जी.सी. एवं अन्य नियामक संस्थाओं द्वारा किया जाता है। राजस्थान विश्वविद्यालय ने इन्हीं मानदण्डों को मानते हुए शिक्षकों के विभिन्न पदों के लिए योग्यता का निर्धारण किया है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर पर भी यदि विश्वविद्यालय के अधिनियम से असंगत न हो, उस सीमा तक प्रभावी हैं। तत्पश्चात यू.जी.सी. ने सन् 2016 में कुछ संशोधन किये, जिन्हें बाध्यकारी होने के कारण देश के सभी विश्वविद्यालयों ने स्वीकार कर लिया है, तदानुसार ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर ने अपने अध्यादेशों का प्रारूप तैयार किया है, इनमें एकरूपता है। अतः संलग्न संलग्नक के अनुसार इसे स्वीकार कर इन मानदण्डों, योग्यता, प्रक्रिया के अनुसार विज्ञापित करने की अनुशंषा की जाती है। इस संदर्भ में लेख है कि नियुक्ति समिति की रचना राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक एवं अधिकारी नियुक्ति अधिनियम, 1974 के अनुसार की जाती है। ***(संलग्नक– 6)***

(2) 'गुड एकेडमिक रिकॉर्ड' शब्द को परिभाषित करने का अधिकार यू.जी.सी. द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय को दिया गया है, अतः उपरोक्त संलग्नक में दी गयी परिभाषा को स्वीकार करने की अनुशंषा की जाती है।

(3) एकेडमिक रिकॉर्ड की गणना के संदर्भ में भी राजस्थान विश्वविद्यालय के संबंधित अध्यादेश को ही स्वीकार किये जाने की अनुशंषा है।

(4) अन्य प्रावधान जो राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादेश में नहीं दिये गये हैं, उनके लिए उपरोक्त संलग्नक 6 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार प्रक्रिया अपनाने की अनुशंषा की जाती है।

(5) स्कीम ऑफ एग्जामिनेशन अथवा लिखित परीक्षा के लिए एक योजना इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न की जा रही है। ***(संलग्नक– 7 स्कीम ऑफ एग्जामिनेशन)***

(6) शैक्षणिक पदों की भर्ती के लिए संलग्नानुसार आवेदन–पत्र के प्रारूप को स्वीकार करने की अनुशंषा की जाती है। ***(संलग्नक– 8 शैक्षणिक पदों की भर्ती के लिए आवेदन–पत्र का प्रारूप)***

(7) शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए जहां मात्र साक्षात्कार द्वारा ही भर्ती किया जाना प्रस्तावित है, वहां पर शोर्टलिस्टिंग के लिए यदि कोई लिखित में स्क्रीनिंग परीक्षा ली जाती है, तो उसके अंक नियुक्ति के प्रयोजन से साक्षात्कार के समय मान्य माने नहीं जायेंगें। नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर ही होगी।

7. ***बिन्दु संख्या–07:***

(1) इस संदर्भ में अनुशंषा पूर्व पदों में कर दी गयी है, अतः इस पर पुनः अनुशंषा की आवश्यकता नहीं है। फिर भी जहां तक अध्यादेश का प्रश्न है, राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादशों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार योग्यता के मानदण्डों को अपनाने एवं प्रक्रिया को स्वीकार करने की अनुशंषा की गयी है। जो प्रावधान राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादेशों के भाग नहीं हैं एवं सामान्य परिपत्रों/नोटिफिकेशन के द्वारा निर्धारित किये जाते हैं, को भी संलग्नक 6 में अतिरिक्त स्पष्टता के रूप में शामिल कर लिया गया है।

(2) चूंकि यह प्रस्ताव राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादेशों पर आधारित है, अतः वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर पर स्वतः लागू हो जाती है। जहां अध्यादेश मौन होते हैं, उनके नियमों को प्रबंध मण्डल द्वारा पारित करवाया जाना प्रस्तावित है। अतः सभी दस्तावेज/ अनुशंषाएं प्रबंध मण्डल से अनुमोदित किया जाना प्रस्तावित है।

8. ***बिन्दु संख्या–08:***

(1) यह कि डिर्पाटमेन्ट ऑफ डवलपमेन्टल स्टडीज का नाम डिपार्टमेन्ट ऑफ इकॉनोमिक्स एवं डवलपमेन्टल स्टडीज रखा जाये तथा इसी नाम से डिर्पाटमेन्ट की स्थापना की जाये।

(2) जीवन विज्ञान विभाग में प्राणी शास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र दोनों विषयों में स्नातकोत्तर उपाधियों का अध्ययन प्रस्तावित है, अतः इनके पदों का विभाजन निम्न सारणी अनुसार किया जावे:

क्र. सं.	विभाग का नाम	स्वीकृत पद			कुल पद
		प्रोफेसर	सह–प्रोफेसर	सहायक प्रोफेसर	
1.	जीवन विज्ञान विभाग	1	2	3	6
(a)	प्राणी शास्त्र	1	1	1	3
(b)	वनस्पति शास्त्र	0	1	2	3

(3) यह कि भारतीय भाषाएं विभाग में हिन्दी भाषा की अनुशंषा की जाती है तथा हिन्दी विभाग नाम से डिर्पाटमेन्ट की स्थापना की जाये।

(4)** सहायक प्रोफेसर के पद के लिए स्क्रीनिंग (लिखित) परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम संलग्नानुसार अनुशंषा की जाती है। **(संलग्नक– 9 सहायक प्रोफेसर के पद के लिए स्क्रीनिंग (लिखित) परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम)"

टेबल एजेण्डा:

टेबल एजेण्डा बिन्दु संख्या 01: विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति के प्रतिवेदन का अनुमोदन। (संलग्नक–1) ***(सम्पदा विभाग)***

निर्णय: सर्वानुमति से निर्णय किया जाता है कि विश्वविद्यालय के कटराथल परिसर पर आवंटित भूमि पर परिसंपतियों के निर्माण के विषय में प्रस्तावित प्रशासनिक भवन मय कुलपति सचिवालय, कुलसचिव सचिवालय, परीक्षा विभाग, पांच मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल के संदर्भ में विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 05.01.2018 के द्वारा लिये गये निर्णयों एवं अनुशंषाओं (जिन्हें विश्वविद्यालय के पत्रांक 7422 दिनांक 05.01.2018 के द्वारा जारी किया गया है) एवं एजेण्डा निर्णय संख्या 01 से 03 तक में स्वीकार एवं अनुशंषित किया गया है। उन सबको प्रबंध मण्डल स्वीकार करता है।

नोट: विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति के प्रतिवेदन पर आधारित निर्णयों एवं अनुशंषाओं का स्वीकृत दस्तावेज:

" बिल्डिंग कमेटी (भवन निर्माण) की बैठक दिनांक 05.01.2018 का कार्यवाही विवरण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की बिल्डिंग कमेटी की बैठक दिनांक 05.01.2018 को दोपहर 03:00 बजे आयोजित की गई, जिसमें उपस्थिति इस प्रकार रही:

क्र. सं.	नाम	पदनाम	धारित पद
1.	प्रो0 बी.एल. शर्मा	माननीय कुलपति महोदय	अध्यक्ष
2.	श्री प्रहलाद सिंह	अधिशाषी अभियंता, पीडब्लयूडी, खण्ड–सीकर	सदस्य
3.	डॉ. एस.एस. चौहान	पूर्व निदेशक, पर्यावरण विभाग, इंदिरा गांधी अध्ययन केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर	सदस्य
4.	प्रो.ए.के.गुप्ता	विभागाध्यक्ष, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग विभाग, एम. बी. इंजीनियरिंग कॉलेज, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर	सदस्य
5.	श्री अनिल कुमार गुप्ता	अधिशाषी अभियंता, पीडब्लयूडी एवं वर्तमान प्रतिनियुक्ति इंजीनियर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर	सदस्य
6.	डॉ. राजेन्द्र सिंह	कुलसचिव	सदस्य सचिव

सर्वप्रथम मा. कुलपति महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात कुलसचिव द्वारा बिन्दुवार मिटिंग के एजेण्डा प्रस्तुत किये गये जिस पर सर्वसम्मति से विचार कर निम्नानुसार निर्णय लिये गये –

1. ***विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी की बैठक दिनांक 11.10.2017 के कार्यवृत का अनुमोदन।***

निर्णयः *सर्वानुमति से विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी की बैठक दिनांक 11.10.2017 के कार्यवृत का अनुमोदन किया जाता है।*

2. ***विश्वविद्यालय के प्रस्तावित प्रशासनिक भवन मय कुलपति सचिवालय, कुलसचिव सचिवालय, परीक्षा विभाग, सैलर एवं पांच मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल के यू.आई.टी. द्वारा स्वीकृत नक्शे डिजायन एवं प्लान की मंजूरी की स्वीकृति।***

निर्णय *: सर्वानुमति से निर्णय किया जाता है कि:*

(i) *पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के प्रस्तावित प्रशासनिक भवन मय कुलपति सचिवालय, कुलसचिव सचिवालय, परीक्षा विभाग, सैलर एवं पांच मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल के संदर्भ में नगर विकास न्यास, सीकर के द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित एवं अनुमत प्रस्तावित भवन एवं इसके आनुषांगिक के नक्शे, प्लान एवं डिजायन को संलग्न संलग्नकों के अनुसार स्वीकार किया जाता है।*

संलग्नकः 1. मास्टर प्लान का नक्शा

2. एलिवेशन का नक्शा

3. सेक्शन XX' एवं सेक्शन YY' का नक्शा

4. बेसमेन्ट का प्लान

5. ग्राउंड फ्लोर का प्लान

6. प्रथम तल का प्लान

7. द्वितीय तल का प्लान

8. टेरिस का प्लान

नोटः प्रशासनिक भवन के अतिरिक्त कुलपति सचिवालय, परीक्षा विभाग, सैलर, पांच मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल इत्यादि सभी विभागों का समावेश प्रशासनिक भवन के साथ इसलिए किया गया है कि प्रथम, विश्वविद्यालय के पास आवंटित भूमि आज की दिनांक में मात्र 22 एकड़ है। इसलिए सभी विभागों के लिए अलग-अलग भूमि उपलब्ध नहीं है। द्वितीय, एक ही बिल्डिंग में प्रस्तावित भवन होने से कार्य कुशलता एवं कार्य का साम्यक निष्पादन तुरन्त एवं प्रभावी तरीके से हो पायेगा। इस बात का उल्लेख पूर्व की बैठक में भी हो चुका है एवं तदानुसार ही संयुक्त भवन बनाने का प्रस्ताव तैयार कर नक्शे एवं प्लान बनाये गये हैं।

3. ***आर.एस.आर.डी.सी. द्वारा आर्किटेक्ट द्वारा प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के प्लान एवं नक्शे बनाने के बाद तय की गई अनुमानित राशि पर पुनर्विचार।***

निर्णय *: सर्वानुमति से निर्णय किया जाता है कि:*

(i) *पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के प्रस्तावित प्रशासनिक भवन मय कुलपति सचिवालय, कुलसचिव सचिवालय, परीक्षा विभाग, सैलर एवं पांच मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल के सिविल वर्क एवं अन्य आनुषांगिक खर्चों के लिए प्रेषित पत्रानुसार 26,39,98,192.82 रूपये के रिवाईज्ड प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है।*

नोट *1: आर.एस.आर.डी.सी. ने पूर्व में निम्न संभावित खर्च स्वीकार किया था:*

(अ.) *प्रशासनिक भवन के लिए 1701.07 लाख रूपये,*

(ब.) *परीक्षा विभाग के लिए 1461.39 लाख रूपये,*

(स.) *कुलपति सचिवालय के लिए 567.03 लाख रूपये,*

कुल अनुमानित व्ययः 3729.49 लाख रूपये

नोट 2: उक्त विवरण में सैलर, छोटे-बड़े पांच मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल शामिल नहीं थे।

(ii) *यदि प्रशासनिक भवन में परीक्षा विभाग, कुलपति सचिवालय, सैलर, छोटे-बड़े मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल साथ में बनवा दिये जाते हैं, इनके लिए बाद में अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में बी.एस.आर. रेट के हिसाब से जनरल असेसमेन्ट 26,39,98,192.82 रूपये का प्लान बनाने के बाद दिया गया है, जो मात्र प्रशासनिक भवन, परीक्षा विभाग एवं कुलपति सचिवालय के अनुमानित व्यय से 10,89,50,807.18 रूपये कम है। इस अनुमान के बाद भी प्रस्तावित भवन में सैलर, मिटिंग/कॉन्फ्रेंस हॉल अतिरिक्त होंगे।*

(iii) *राज्य सरकार ने बजट मद 2202-03-0102-13-00-93 पूंजीगत परिसंपतियों के सृजन हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को 2017-18 में रू0 12.50 करोड़ स्वीकृत किये हैं। अतः राज्य सरकार से बाद में प्राप्त होने वाली किश्तों से पूर्व विश्वविद्यालय की निजी आय से इस खर्च को*

कर दिया जाये, जिससे भवन निर्माण समय पर पूरा हो सके एवं बाजार–भाव बढ़ने से बढ़ने वाले खर्च से जितना संभव हो, उतना बचा जा सके। जब राज्य सरकार से किश्त मिले तब राज्य सरकार से प्राप्त राशि का विश्वविद्यालय से उठायी गयी राशि से समायोजन कर दिया जाये।

(iv) इस संदर्भ में रिवाईज्ड अनुमानित व्यय को वास्ते आगे की कार्यवाही राज्य सरकार को भेजी जाये।

(v) यदि किन्हीं कारणों से राज्य सरकार से पूर्ण राशि नहीं मिलती है, तो शेष खर्च को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय की निजी आय से खर्च किये जाने की अनुशंषा की जाती है। (विश्वविद्यालय की स्टेण्डिंग कमेटी की वर्तमान एजेण्डा निर्णय 03 (iv) एवं (v) को प्रबंध मण्डल द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।)"

टेबल एजेण्डा बिन्दु संख्या 02: सत्र 2018–19 के लिए विश्वविद्यालय से महाविद्यालयों द्वारा सम्बद्धता प्राप्त करने के लिए आवेदन–पत्र के प्रारूप का अनुमोदन। (संलग्नक–2)

निर्णय: विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष की भांति विश्वविद्यालय से महाविद्यालयों द्वारा सम्बद्धता प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत आवेदन–पत्र के प्रारूप को स्वीकार किया जाता है तथा यह भी निर्धारित किया जाता है कि उक्त आवेदन–पत्र को डिजिटल पद्धति अनुसार ऑनलाईन किया जाये तथा अध्यापकों के आधार कार्ड नम्बर एवं अन्य आवश्यक सूचनाओं को आवेदन–पत्र के साथ सम्बद्धता नियमों की आवश्यकतानुसार लिया जावे।

टेबल एजेण्डा बिन्दु संख्या 03: इस विश्वविद्यालय द्वारा UGC (Affiliation of colleges by University) Regulation, 2009 को स्वीकार करना। (संलग्नक–3 UGC (Affiliation of colleges by University) Regulation, 2009) ***(सम्बद्धता/विधि विभाग)***

